





# तेजी से चल रहा निर्माण, अभी पूर्णत : की ओर ग्राउंड फ्लोर की दुकानें

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 7 मार्च. शहर की गंज सब्जी मंडी के कॉम्पलेक्स में दुकानें मिलने की प्रतीक्षा कर रहे दुकानदारों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। यहां कॉम्पलेक्स का काम बेहद तेजी से चल रहा है।**

**गंज मंडी कॉम्प्लेक्स में जल्द मिलेंगी दुकानें**

**शेष बचने वाली दुकानों की होगी नीलामी**

नगरपालिका की कोशिश है कि अगले महीने से ही दुकानदारों को दुकानें देना शुरू कर दिया जाए। दुकानों का काम जैसे-जैसे पूरा होते जाएगा, वैसे-वैसे दुकानें उपलब्ध करवा दी जायेगी। बताया जा रहा है कि पहले यहां पूर्व से काविज दुकानदारों का व्यवस्थापन



होगा, इसके बाद बची हुई दुकानें नीलाम की जाएंगी। बताया जा रहा है कि गंज में बहुमंजिला काम्प्लेक्स का निर्माण करीब 11 साल पहले शुरू हुआ था। लेकिन ड्राईंग-डिजाइन बदलने से इस काम में देरी हुई। काम्प्लेक्स की बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने से पुराने ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़ दिया था। अधूरे काम्प्लेक्स को पूरा करने नगरपालिका को दोबारा टेंडर करना पड़ा, जिससे इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत बढकर करीब 17 करोड़ रुपए पहुंच गई। इस लागत में पहले चरण में पुराने अधूरे काम्प्लेक्स का निर्माण पूर्ण करना और दूसरे चरण में नए काम्प्लेक्स, पार्किंग और अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल है।

**दुकानों का आवंटन किया, हैंडओवर नहीं :** बताया जा रहा है कि तीन साल पहले 65 दुकानदारों ने काम्प्लेक्स में दुकान पाने नगरपालिका में रुपए जमा किए थे। लॉटरी से दुकानों का आवंटन भी कर दिया था, लेकिन आज तक दुकानों का हैंडओवर नहीं हो सका है। ऐसे में जिन दुकानदारों ने राशि जमा कर उम्मीद लगाई थी, उनमें उम्मीद जगी है कि अब उन्हें जल्द ही दुकानें मिल जाएंगी। क्योंकि दुकानों का काम तेजी से हो रहा है। जिसके चलते दुकानदारों को आस बंध गई है। इधर नपा की कोशिश है, जो दुकानें कंपलीट होती जा रही है, उनमें दुकानदारों को शिफ्ट किया जाए।

**दुकानदारों में खुशी का माहौल :** काम्प्लेक्टस के तेजी से चल रहे कार्य को देख कर दुकानदार भी खुश हैं। दुकानदारों का कहना है कि काम्प्लेक्स पूर्ण होने और दुकानें मिलने के बाद गंज मंडी भी व्यवस्थित बाजार के रूप में नजर आयेगी। अभी कई दुकानें यहां-वहां लगने से गंज मंडी बाजार अव्यवस्थित नजर आता है, लेकिन काम्प्लेक्स बनने के बाद यह बाजार बेहद सुंदर और आकर्षक बन जायेगा।

> अभी ग्राउंड फ्लोर की 66 दुकानें पूर्णत: की ओर है। शेष दुकानों का काम भी तेजी से चल रहा है। काम्प्लेक्स में 320 दुकानें बननी है, जिसमें विस्थापन के बाद शेष बची दुकानों की नीलामी की जायेगी।
>
> **- नागेन्द्र वागद्रे, सब इंजीनियर नपा बैतूल।**

### काम्प्लेक्स निर्माण के कारण दुकानों को हटाया था

गंज सब्जी मंडी में दर्जनों छोटे और फुटकर व्यापारी दुकाने लगाकर अपना गुजर-बसर कर रहे थे। इसमें अस्थाई दुकानों के साथ-साथ स्थाई दुकानदार भी शामिल थे, लेकिन 2015 में काम्प्लेक्स निर्माण के कारण इन दुकानदारों को यहां से हटाना पड़ा। बताया जा रहा है कि गंज काम्प्लेक्स पूर्ण नहीं होने की वजह से कुछ दुकानदार अस्थाई दुकान लगाकर व्यापार कर रहे है। वहीं कुछ दुकानदारों ने समीप ही टीनशेड की दुकानें लगाई है और कुछ ने तो दुकानें मिलने की उम्मीद भी छोड़ दी थी, लेकिन लंबे समय से दुकान मिलने का रास्ता देख रहे दुकानदारों को अब जल्द ही स्थाई दुकानें मिलने वाली है। दुकानदारों का कहना है कि स्थाई दुकानें मिलने से वह अपना व्यापार ठीक से कर पायेगे। अभी अस्थाई रूप से व्यापार करने के कारण सहीं ढंग से माल भी नहीं भर पा रहे है।

## खेत में खड़ी डेढ़ एकड़ की गेहूं की फसल जली

**मुलताई।** ब्लॉक के ग्राम माथनी में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे एक किसान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग जाने से फसल जलकर राख हो गई। बताया जाता है पूर्व सरपंच राजेंद्र तुरिया के खेत मे करीब डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल मे शनिवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग जाने फसल जलने लगी। आगजनी की सूचना मिलने पर नगरपालिका की फायर ब्रिगेड लेकर फायर कर्मचारी राकेश बारंगे और भूपेंद्र सिंह राठौड़ मौके पर पहुंचे और जनसहयोग से आग बुझाई।




**एक नजर में**

## घायल को 1.5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सहायता

**बैतूल।** पीएम राहत योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निजि अस्पताल संचालकों एवं स्वास्थ्य विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटरों का प्रशिक्षण एएनएमटीसी प्रशिक्षण केन्द्र बैतूल में शनिवार को आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम राहत योजना का 13 फरवरी से शुभारंभ किया गया, जिसका उददेश्य स?क दुर्घटना पीडितो को गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों के भीतर रूपये 1.5 लाख तक का कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। उन्होनें कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता दुर्घटना पी?ित का इलाज करवाना है। हम सभी लोग इसमें मिलकर कार्य करें, हमारे तरफ से यह कोशिस हो कि कोई भी घायल व्यक्ति इलाज के अभाव में दम न तोड़े। योजना को आपातकालीन सहायता प्रणाली 112 से जोड़ा गया है, जिसमें दुर्घटना की सूचना मिलने पर पीडित को निकटतम अस्पताल तक शीघ्र पहुंचाया जा सके। जिले में आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई के अंतर्गत समस्त अस्पतालों को पीएम राहत योजनांतर्गत शामिल किया जाएगा। डीआईओ एनआईसी श्रीमती रचना श्रीवास्तव द्वारा पीएम राहत योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पीएम राहत योजना में किस प्रकार निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों में लाभ प्राप्त हो सकेगा। डीआरएम एनआईसी अभिषेक वागद्रे ने बताया कि योजना का संचालन पूर्णत: डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय की ई डिटेंल्स एक्सीडेंट रिपोर्ट प्रणाली को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के ट्रांजेक्शन प्रबंधन सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे दुर्घटना की सूचना से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहार ने बताया कि केन्द्र सरकार की राहवीर योजना मध्यप्रदेश राज्य में भी लागू कर दी गई है। जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने एवं जान बचाने पर 25 हजार रूपये का ईनाम एवं प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। इनाम की राशि परिवहन विभाग द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षण में निजी अस्पताल के संचालक एवं विकासखंड से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, पति गिरफ्तार

**बैतूल।** शाहपुर थाना क्षेत्र में बेटे के लिए साइकिल खरीदने के पैसों को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी ने हाथ-मुक्कों और बेल्ट से हमला कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना 4 मार्च की रात करीब 11 बजे ग्राम ढप्पा के खेड़ाढाना में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी सुधाकर दरशिमा ने अपने बेटे कुनाल के लिए साइकिल खरीदने के लिए पत्नी कविता से पैसे मांगे थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने कविता पर हाथ-मुक्कों और बेल्ट से



हमला कर दिया। मारपीट में महिला के सिर के पीछे, चेहरे, पीठ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। इन चोटों के कारण उसकी हालत बिगड़ती गई और अंतत: उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि मृतिका के साथ 4 और 5 मार्च को मारपीट की गई थी। मृतका की ननद से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की। दंपति का एक बेटा है, जिसके लिए साइकिल खरीदने के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद 6 मार्च को शाहपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपी सुधाकर दरशिमा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया।

## चोपना बाजार की कोई भी दुकान टूटना नहीं चाहिए : तपन विश्वास

**चोपना।** विगत कुछ दिनों पूर्व ग्राम चोपना के बाजार क्षेत्र में स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता तपन विश्वास का काम्प्लेक्स पूर्व में सूचना देकर तोड़ दिया गया। इस मामले भाजपा नेता तपन विश्वास का कहना है कि हमने कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए शासन कों एक तरह से सहयोग ही किया है। हमारा निर्माण तोड़ दिया गया, कोई बात नहीं, लेकिन दुकानदारों की दुकानों कों रत्ती मात्र भी हम आंच



नहीं आने देंगे। हमारे निर्माण मामले में हमने अभी उच्च न्यायलय में अर्जी दे रखी है। मेरे साथ जो हुआ, सो हुआ, रहीं बात चोपना के दुकानदारों की, जिनको तहसील का नोटिस मिला है, उनकी दुकानों को कोई नुकसान नहीं होने दिया जायेगा। किसी भी हाल में हम इस मामले में सभी दुकानदार भाइयों के साथ खड़े है। तपन विश्वास ने बताया कि इस मामले को लेकर उनकी बात पार्टी के हाईकमान से जारी है।

## महिलाएं समाज की रीढ़ उनके बिना प्रगति असंभव

**पाथाखेड़ा।** अंतरराष्टीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष, योगदान और उपलब्धियों को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है। यह बात समाजसेविका एवं नवनिर्माण बहुउद्देशीय संस्था की अध्यक्षा मुमताज शेख ने कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत में महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। महिलाएं अब शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, कला और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं।

# 3 भाजपाइयों ने भोपाल में लिया प्रशिक्षण

**मुलताई।** मुलताई के भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी माधुरी साबले भोपाल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रांतीय वक्ता प्रशिक्षण में शामिल हुए द्य भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण उद्घाटन सत्र को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा संबोधित किया गया द्य भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार के नेतृत्व में मुलताई विधानसभा क्षेत्र के तीनो पदाधिकारियो ने भोपाल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वक्ता प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने भाजपा का इतिहास एवं विकास, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी माधुरी साबले ने एआई एवं आईटी सोशल मीडिया विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया द्य उक्त प्रशिक्षण लेकर आए तीनो वक्ता बैतूल जिले के अन्य मंडलों एवं जिले के बाहर भी जाकर प्रशिक्षण देंगे। संपूर्ण मध्य प्रदेश की सभी 230 विधानसभाओं के साथ ही मुलताई विधानसभा में 14 मार्च से 14 अप्रैल तक उक्त प्रशिक्षण संपन्न की जाएगे द्य उक्त प्रशिक्षण लेकर आए भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे एवं महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी माधुरी साबले जिले के अन्य मंडलों अथवा जिले के बाहर प्रशिक्षण देंगे द्य उक्त भाजपा पदाधिकारियों को विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, भाजपा जिला मंत्री लता प्रमोद धोटे सहित सभी पदाधिकारियो जनप्रतिनिधियो एंव समस्त कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## हाईवे पर पुलिस ने पकड़ी मवेशियों से भरी कार

**बैतूल।** बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर बोरगांव जोड़ के पास पुलिस ने एक जायलो कार से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे सात मवेशियों को पकड़ा है। कार में छह गाय और एक बछड़े को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। पुलिस को आशंका है कि इन मवेशियों को महाराष्ट्र के कत्लखानों में ले जाया जा रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक जायलो कार में मवेशियों को भरकर बैतूल से महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बोरगांव जोड़ के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन का इंतजार किया। कुछ ही देर में संदिंग्ध जायलो कार वहां पहुंची। पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर कार में सवार आरोपी मौके से फरार हो गए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भौंरा**
**जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल (म.प्र.)**

**//निविदा//**

समस्त ग्रामवासियों एवं व्यापारी बंधुओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भौंरा का प्रति शुक्रवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार (वित्तीय वर्ष 2026-27) दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक के लिए नीलामी दिनांक 09/03/2025 दिन सोमवार समय दोपहर 12.00 बजे स्थान मंगल भवन भौरा में रखी गई है। अत: इक्छुक ठेकेदार नीलामी की तिथि समय एवं स्थान पर उपस्थित होवे। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत भौंरा के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

नीलामी की मुख्य शर्ते : -

1. बाजार नीलामी के पूर्व 1,00,000/- रूपये अमानत राशि जमा करना होगा।
2. बाजार नीलामी की 25 प्रतिशत राशि 02 दिवस के भीतर जमा करना होगा, शेष राशि किस्तों में जमा करना होगा।

**जांच** 19 मार्च से चैत्र महोत्सव का होगा आयोजन

# 19 मार्च से अमरावती घाट के अंबा देवी मंदिर में चैत्र महोत्सव

**मुलताई। प्रभातपट्टन ब्लाक के ग्राम अमरावती घाट में स्थित प्राचीन अंबा भवानी मंदिर में आगामी 19 मार्च से चैत्र महोत्सव का आयोजन होगा।**

**151 मीटर लंबी अर्पित की जायेगी चुनरी**

**19 से 27 मार्च तक चैत नवरात्रि में होगी साजसज्जा**

19 मार्च से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्रि के दौरान सेवा समूहों द्वारा मंदिर की सजा सज्जा, अभिषेक, माताजी का श्रृंगार किया जाएगा। समिति के राजकुमार संत और पांडुरंग वडुरकर ने बताया 29 मार्च को मंदिर परिसर में रात 8 बजे से



12 बजे तक गोंधल अम्बा भवानी सांभल गायन की प्रस्तुति वासुदेव गीतेकर द्वारा दी जाएंगी।वही 30 मार्च को रात 9 बजे से 12 बजे तक सत्यपाल महाराज के शिष्य पवन पाल द्वारा ग्रामगीता समाज प्रबोधन कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी।31 मार्च को रात 9 बजे से आयोजित भजन संध्या में राधा कृष्ण भजन ग्रुप मंडई बुजुर्ग के गायक सुदामा यदुवंशी सहित अन्य गायक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगें।एक अप्रैल को रात 9 बजे से मां चामुंडा देवी भजन ग्रुप सारणी के संचालक महेश गोहे और साथियों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। 2 अप्रैल को रात 9 बजे से वर्धा महाराष्ट्र निवासी हर्षल महाराज वारकरी कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। 3 अप्रैल को रात 9 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि चौधरी मदन मोहन समर अंतु झक्कास, पुष्पक देशमुख सहित अन्य कवि कविता पाठ करेंगे। 4 अप्रैल को चैत्र महोत्सव के दौरान सुबह 9 बजे से आकर्षक झांकियां के साथ चुनरी यात्रा और शोभायात्रा का आयोजन होगा। चुनरी यात्रा के ग्राम भ्रमण के बाद मां अम्बा भवानी को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएंगी। 5 अप्रैल को शाम 4 बजे से पारंपरिक अनुष्ठान नाडे गाडे का आयोजन होंगा। वही रात 9 बजे से देवी जागरण आयोजित होगा। देवी जागरण में श्री सिद्धेश्वरी देवी जागरण एवं म्यूजिकल ग्रुप परासिया के गायक कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति देते हुए मां अम्बा भवानी की आराधना की जाएंगी।6 अप्रैल को भंडारा प्रसादी के साथ चैत्र महोत्सव का समापन होगा। ग्रामीणों ने बताया चैत्र महोत्सव के अवसर पर ग्राम में 29 मार्च से 6 अप्रैल तक मेले का भी आयोजन होगा। गौरतलब हैं कि ग्राम अमरावती घाट के अंबा भवानी मंदिर में आयोजित होने वाले चैत्र महोत्सव में जहां ग्रामीण पूरे भक्तिभाव के साथ सहभागी होते हैं।वही ग्राम के मूल निवासी जो रोजगार के सिलसिले में अन्यत्र नगरों में निवासरत है वह भी चैत्र महोत्सव के दौरान मां अंबा भवानी की पूजा अर्चना करते हैं।

## कलार समाज का होली मिलन कार्यक्रम हुआ

**मुलताई।** कलार समाज के अध्यक्ष राजेंद्र शिवहरे के निवास पर शनिवार को कलार समाज का होली मिलने समारोह एवं महिला दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में युवराज मालवीय, अशोक शिवहरे, अरुण जायसवाल, रमेश शिवहरे, सज्जन शिवहरे, सजल शिवहरे, अजय शिवहरे, दीपक अशोक शिवहरे, सुजीत मालवीय, हरीश शिवहरे, बबलू भारत भूषण शिवहरे, संतोष शिवहरे, रवि शिवहरे, दीपक लेखराम शिवहरे, बंटी शिवहरे, अनिल मालवीय, संयम शिवहरे, सूर्यवंशी, कैलाश शिवहरे, राजेश शिवहरे, रेखा राजेंद्र शिवहरे, सरोज रवि शंकर शिवहरे, सुशीला प्रकाश शिवहरे, शकुन सुरेश शिवहरे, सिंधु मालवी, माया मुकेश शिवहरे सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भौंरा**
**जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल (म.प्र.)**

क्र./का.ग्रा.पं./2025-26 दिनाँक -05/03/2026

**//निविदा//**

समस्त ग्रामवासियों एवं व्यापारी बंधुओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भौंरा के अंतर्गत बाजार चौक भौंरा में स्थित 09 दुकानों की नीलामी दिनाँक 10/03/2026 दिन मंगलवार समय दोपहर 12.00 बजे स्थान विजय मंगल भवन भौंरा में रखे गई है। अत: इच्छुक ग्रामवासी एवं व्यापारी नीलामी की तिथि समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर खुली नीलामी में भाग ले सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत भौंरा के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

नीलामी की मुख्य शर्ते :-

1. दुकान नीलामी के पूर्व 50,000/- रूपये अमानत राशि जमा करना होगा।
2. दुकान नीलामी में बोली लगाने वाला कोई भी व्यक्ति पंचायत का बकायादार नही हो चाहिए।
3. दुकान नीलामी में जिनके नाम से अमानत राशि जमा होगी, वह स्वयं उपस्थित होकर बोली लगाने का हकदार होगा।
4. बोलीदार को बोली लगाने के साथ आरक्षण के अनुसार आवश्यक दस्तावेज अमानत राशि साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।